ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-02-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-02-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-02-17	2024-02-18	2024-02-19	2024-02-20	2024-02-21
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	31.0	31.0	32.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	12.0	14.0	15.0	16.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	16	46	63	22
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	9	9	27	18	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6	18	29	14	16
पवन दिशा (डिग्री)	88	198	226	272	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	1	0	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 30.0 से 32.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 12.0 से 16.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है, किसान भाई रबी फसलों की क्रांतिक अवस्थाओं पर सिंचाई अवश्य करें।

लघु संदेश सलाहकार:

तापमान बढने की सम्भावना को देखते हुए सब्जियों में हल्की सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल परिपक्वता के करीब या अभी भी परिपक्व अवस्था में हो सकती है, इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि जब फलियाँ पीली हो जाए और पत्तियाँ गिर जाएँ तो कटाई शुरू कर दें ताकि नुकसान से बचा जा सके।
गेहूँ	गेहूं की फसल में क्रांतिक अवस्थाओं जैसे बालियां निकलते समय व दाने की दूधिया अवस्था पर सिंचाई अवश्य करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लहसुन	लहसुन में थ्रिप्स कीट (पर्ण जीवी कीट) के नियंत्रण हेतु मिथाइल डिमेटोन 25 ई.सी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
	ईसबगोल की फसल में मोयला की रोकथाम के लिए क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू.डी.जी. कीटनाशी 1 ग्राम प्रति 5 लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
मिर्च	मिर्च की फसल के लिए हरीपुर-रायपुर, आर.सी-1, मथानिया लोकल, पूसा ज्वाला व पंत सी-1 उन्नत किस्मों की पोधशाला में बुवाई करें। एक हैक्टेयर क्षेत्र के लिए पौध तैयार करने हेतु एक से डेढ किलो बीज पर्याप्त रहता है। बुवाई से पूर्व 2 ग्राम केप्टान से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
भिण्डी	ग्रीष्मकालीन भिण्डी की फसल के लिए परभनी क्रान्ति, वर्षा उपहार, आजाद क्रान्ति, अर्का अनामिका व अर्का अभय की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20-22 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें। 20 किलो नत्रजन, 50 किलो फास्फोरस व 60 किलो पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय खेत में डालें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को थनेला रोग से बचाने के लिए पशु का पूरा दूध पूर्ण हस्त विधि से निकालें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की ग्रीष्मकालीन सब्जियों की बुवाई हेतु खेत तैयार करें अन्तिम जुताई के समय 20-25 टन देशी खाद प्रति हैक्टेयर की दर से खेत में डालें।